# अनपरा में 1600 मेगावाट की नई इकाई शुरू होगी

## तैयारी

लखनऊ, विसं। प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए 1600 मेगावाट की नई उत्पादन इकाई 'अनपरा-ई' का निर्माण होगा। सोमवार को हुई उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर मुहर लगी।

प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन के पास भेजा जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने दी है। इकाइयों के निर्माण में करीब 18624 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित किया गया है। परियोजना का काम एनटीपीसी और उत्पादन निगम के संयुक्त उपक्रम मेजा उत्पादन निगम के तहत होगा।

चेयरमैन ने नई तापीय परियोजना ओबरा-सी और जवाहरपुर परियोजना की इकाइयों से 2640 मेगावाट के जल्द उत्पादन की बात कही। उत्पादन निगम में नई भर्तियों के तहत 43 लेखा लिपिक, 4 मुख्य रसायनज्ञ समेत अन्य को जल्द ज्वाइन कराने को भी कहा।